रतलाम में दूध का दाम 62 रुपये प्रति लीटर...

- पशुपालकों, दूध व्यवसायियों और प्रशासन की बैठक में निर्णय
- उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों के हितों को ध्यान में रखकर तय हुई नई दर

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में दूध की कीमतों को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चा के बाद प्रशासन, पशुपालकों और दूध व्यवसायियों के बीच सहमति बन गई है। बैठक में दूध का नया दाम 62 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है।

उप संचालक पशुपालन विभाग नवीन शुक्ला ने बताया कि एसडीएम रतलाम शहर आर्ची हरित की उपस्थिति में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया।

उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ पशुपालकों और दूध विक्रेताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नई दर निर्धारित की गई। अधिकारियों के अनुसार दूध उत्पादन लागत और बाजार परिस्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। प्रशासन का कहना है कि नई दर से बाजार में संतुलन बना रहेगा और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर दूध उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जिले के दूध उत्पादकों में दाम बढ़ाने को लेकर नाराजगी बनी हुई थी।

जनवरी में फुटकर दूध के दाम में हुई थी बढोतरी

जनवरी में फुटकर दूध के दाम में दो रुपये की बढ़ोतरी हुई थी, जिसके बाद दूध 60 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। अब बढ़ती लागत का हवाला देते हुए उत्पादकों की मांग के बीच प्रशासन ने नई दर 62 रुपये प्रति लीटर तय की है।

दूध उत्पादक संघ ने मई की शुरुआत में हुई बैठक में दूध के दाम में चार रुपये लीटर बढ़ोतरी की मांग रखी थी। तब एसडीएम ने कलेक्टर से चर्चा कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया था।

बस-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

- स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत नहीं होने से हादसों का आरोप
- मुआवजे और सुरक्षा इंतजाम की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

रतलाम/नामली। नामली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाईवे पर गुरुवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने शुक्रवार सुबह शव को एम्बुलेंस में रखकर बड़ौदा फंटे पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ौदा निवासी कन्हैयालाल (27) पिता बसंतीलाल और सुखराम (25) पिता भगवानलाल गुरुवार रात करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से नामली से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बड़ौदा फंटे के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि कन्हैयालाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अहमदाबाद रेफर कर दिया गया।

घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने शुक्रवार सुबह मृतक के शव को एम्बुलेंस में रखकर फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि बड़ौदा फंटे पर लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन यहां न तो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और घायल युवक के इलाज की समुचित व्यवस्था की मांग की।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर और एसडीओपी किशोर पाटनवाला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाइश दी तथा मुआवजा दिलाने और फोरलेन पर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब एक घंटे से जारी जाम समाप्त कराया गया।

एक नजर में

जल चौपाल आयोजित, ग्रामीण पेयजल व्यवस्था का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशों के परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड जावरा अंतर्गत विकासखंड जावरा, पिपलोदा एवं आलोट के ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने हेतु विभागीय अधिकारीयों एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है ।इसी क्रम में आलोट विकासखंड के ग्राम पंचायत थूरिया के ग्राम धतुरिया में विशेष जल चौपाल का आयोजन किया गया ।जिसमें कार्यपालन यंत्री एस. आर. जांगड़े, सहायक यंत्री इरफान अली, उपयंत्री राहुल आर्य एवं अधीनस्थ विभागीय अमले द्वारा ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणवासियों से चर्चा कर समस्त पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम धतुरिया की वर्तमान जनसंख्या लगभग 750 पाई गई तथा ग्राम में पेयजल व्यवस्था हेतु वर्तमान में 3 हैंडपंप तथा 5 नलकूपों पर सिंगलफेस पंप सहित कार्यरत है ।इसके अतिरिक्त ग्रामवासियों द्वारा 2 शासकीय कूपो के माध्यम से भी पेयजल प्राप्त किया जा रहा है ।वर्तमान में ग्राम में विशेष पेयजल समस्या नहीं है। इस अवसर पर ग्राम में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता के परीक्षण हेतु फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) ग्राम पंचायत को प्रदान की गई ।

महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया संयुक्त निरीक्षण

रतलाम। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया तथा प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष सिंह द्वारा रतलाम शहर के वार्ड क्रमांक 10 सुयोग परिसर में टीकाकरण केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती माता एवं शिशुओं की ड्यू लिस्ट, टीकाकरण की स्थिति, शिशु और गर्भवती माता को दिए जा रहे पोषण आहार, कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र पर भर्ती करने, टीकाकरण के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार सेवाएं प्रदान करने की विस्तार से मॉनिटरिंग की। निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ गौरव बोरीवाल , सीडीपीओ रतलाम शहर, ए एन एम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शहरी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थी।

पुलिस ने 300 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ दो को पकड़ा

- बाइक से ले जाई जा रही थी शराब की खेप

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शिवगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 क्वार्टर देशी प्लेन शराब और एक मोटरसाइकिल जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के निर्देशन तथा एसडीओपी ग्रामीण किशोर पाटनवाला के मार्गदर्शन में की गई।

जानकारी के अनुसार 14 मई को थाना शिवगढ़ के सहायक उपनिरीक्षक ईशाक मोहम्मद खान को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्वालगढ़ मार्ग पर मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल ग्वालगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो युवक बीच में बड़ा थैला रखकर आते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को रोका और पूछताछ की। चालक ने अपना नाम गोपाल पिता रामचंद्र गुर्जर (20) निवासी तालाब बोर्डी तथा पीछे बैठे युवक ने दिलीप पिता मांगु डामर (26) निवासी ग्राम ग्वालगढ़ बताया।

थैले की तलाशी लेने पर उसमें 6 कार्टूनों में भरी देशी प्लेन शराब बरामद हुई। प्रत्येक कार्टून में 50-50 क्वार्टर पाए गए। कुल 300 क्वार्टर शराब, लगभग 54 लीटर मात्रा में बरामद हुई जिसकी कीमत करीब 21 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित करीब एक लाख रुपए का मशरुका जप्त किया।

दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपियों से अवैध शराब के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीतसिंह मकवाना, उपनिरीक्षक अजमेरसिंह भूरिया, सहायक उपनिरीक्षक ईशाक मोहम्मद खान, प्रधान आरक्षक मेहताबसिंह यादव एवं आरक्षक शैतानसिंह खड़िया की सराहनीय भूमिका रही।

गैस लाइन के लिए रखे पाइपों में आग, शरारती तत्वों पर शक

- खुले में रखे प्लास्टिक पाइप जलने से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज

रतलाम। शहर में चल रहे गैस पाइप लाइन कार्य के बीच शुक्रवार सुबह सैलाना रोड स्थित एक कॉलोनी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खुले में रखे गैस पाइप लाइन के प्लास्टिक पाइपों में अचानक आग लग गई। आग लगने से आसमान में काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार रतलाम में गुजरात की एक कंपनी द्वारा घर-घर गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिस क्षेत्र में आग लगी, वहां भी पाइप लाइन डालने का काम चल रहा था। संभावना जताई जा रही है कि खुले में रखे पाइपों में किसी अज्ञात शरारती तत्व ने आग लगा दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुरुआत में लोगों को लगा कि किसी ने कचरे के ढेर में आग लगाई है, लेकिन जब घना काला धुआं उठने लगा तो पता चला कि प्लास्टिक पाइप जल रहे हैं। पाइप अलग-अलग ढेर में रखे हुए थे, जिनमें से एक पूरा जल गया जबकि दूसरा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल मामले में आग लगाने वाले अज्ञात लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

मधुमक्खियों के हमले में व्यक्ति की मौत

- जंगल में हुआ हादसा, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

शिवगढ़। थाना क्षेत्र के लुणीघाटी के उमरीखोरा जंगल में मधुमक्खियों के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार 14 मई को सूचना मिली थी कि जुनापानी निवासी सरदार पिता धारजी मचार (55) जंगल क्षेत्र में बकरियां चराने गए थे। इसी दौरान उन पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के लगातार काटने से उनकी हालत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। मामले में मर्ग क्रमांक 16/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई है। कार्रवाई उपनिरीक्षक अजमेरसिंह भूरिया द्वारा की जा रही है।

खेत में ट्रैक्टर चलाने की बात पर भड़का विवाद

आलोट। थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में खेत पर ट्रैक्टर चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। मामले में आरोपियों द्वारा युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी विशाल सिंह पिता मेहरबानसिंह सोंधिया राजपूत (19) निवासी महुड़िया थाना बड़ोद जिला आगर मालवा हाल मुकाम तालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मई की रात करीब 8 बजे वह अपने मामा के खेत ग्राम तालोद में मौजूद था। इसी दौरान खेत में ट्रैक्टर चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। फरियादी के अनुसार आरोपी गुमानसिंह पिता बापुसिंह निवासी इसामपुर थाना आलोट तथा शंकर सिंह पिता कान सिंह निवासी ग्राम गुराडिया थाना आलोट ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

नीट परीक्षा कैंसिल होने पर एनएसयूआई का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

सैलाना। नीट परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में शुक्रवार दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सैलाना बस स्टैंड चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश और प्रदेश की सरकारें हर मोर्चे पर असफल नजर आ रही हैं। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहित डामोर ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा रद्द होने से देशभर के प्रतिभावान विद्यार्थियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा दी, उनके भविष्य के साथ अन्याय हुआ है। नेताओं ने कहा कि व्यापम घोटाले की यादें अभी लोगों के जेहन से मिट भी नहीं पाई थीं कि एक और बड़ा शिक्षा घोटाला सामने आ गया। इतनी अहम परीक्षा की गोपनीयता बरकरार नहीं रहना सिस्टम की गंभीर विफलता को दर्शाता है।

प्रदर्शन में नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हनी गेहलोत, पार्षद मंगलेश कसेरा सहित एनएसयूआई के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

एसपी ने 4 थानों के बदले टीआई

रतलाम। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। आदेश में जिले के 4 पुलिस थानों पर बदलाव कर नये प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी हैं। प्रशासनिक कार्यकुशलता और आगामी आवश्यकताओं को देखते हुए चार निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किए हैं। आदेश में गायत्री सोनी को आईए थाना रतलाम प्रभारी, विक्रम चौहान को माणक चौक थाना प्रभारी, प्रकाश गडरिया को लिए जावरा थाना प्रभारी एवं रविंद्र दंडोतिया को बाजना थाना प्रभारी बनाया गया।

पटाखा दुकानों का निरीक्षण

रतलाम/नामली। जिले में किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत नामली क्षेत्र में पटाखा व्यापारियों एवं दुकानों का निरीक्षण एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों, भंडारण व्यवस्था एवं आवश्यक अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। व्यापारियों को सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ एसडीओपी किशोर पाटनवाला एवं तहसीलदार आषीष उपाध्याय उपस्थित थे। ग्राम घटवास नामली मे मैगज़ीन एवं डेटोनेटर भंडारण की भी संयुक्त जाँच की गई ।एसडीएम सैलाना तरूण जैन द्वारा रावटी मे एसडीओपी के साथ मैगज़ीन एवं डेटोनेटर भंडारण की संयुक्त जांच की गई ।

भाजपा का प्रशिक्षण महाकुंभ होगा रतलाम में

- जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

नवभारत न्यूज

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 22 और 23 मई को जे.एम.डी.पैलेस मे किया जायेगा। पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत होने वाले इस वर्ग की व्यापक तैयारियां की जा रही है। जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने शुक्रवार को आयोजन स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की अध्यक्षता मे जिला प्रशिक्षण टोली की बैठक भी हुई जिसमें विभिन्न तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने इस मौके पर कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन एक कार्यकाल मे एक बार ही होता है। रतलाम मे की जा रही व्यवस्थाओं के साथ उपस्थिति प्रभावी होगी तो यह वर्ग मध्य प्रदेश मे अग्रणी पंक्ति मे शामिल होगा। उन्होंने वर्ग की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर कार्यकर्ताओं को विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि रतलाम के प्रशिक्षण वर्ग हेतु पंजीयन का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रशिक्षण वर्ग मे कार्यकर्ताओं को दोनों दिवस जे.एम.डी. पैलेस मे ही प्रवास करना होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक को प्रशिक्षण जिला टोली संयोजक जिला महामंत्री महेश सोनी ने भी संबोधित किया। 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 12 सत्र अलग-अलग विषय पर होगे। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेगे। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया।

दूधिया रोशनी में क्रिकेट महाकुंभ का उद्घाटन

जावरा। जावरा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित केसीसीपीएल सीजन-1 के तत्वावधान में रात्रिकालीन क्रिकेट महाकुंभ के आयोजन की शुरुआत हो गई है। यहां शुगर मिल परिसर में दूधिया रोशनी में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में एक दर्जन टीमें भाग ले रही है। खेल मैदान में विभिन्न क्रिकेट टीमों के बीच हर रोज मुकाबला होगा। जो बारह दिनों तक चलेगा। केसीसीपीएल सीजन-1 की प्रतियोगिता के भव्य उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना के प्रदेश कोषाध्यक्ष, उद्योगपति व समाजसेवी महेंद्र सिंह बामनखेड़ी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष शेखर नाहर एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अधिवक्ता एसोसिएशन की टीम व राजस्व विभाग की टीम के बीच 8-8 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें अधिवक्ता एसोसिएशन की टीम ने राजस्व विभाग की टीम को हराकर 17 रनों से जीत हासिल की।

एक नजर में — विजेताओं को अतिथियों ने प्रदान की ट्राफी और विजयी राशि का चेक

जावरा प्रीमियर लीग सीजन-5 का खिताब हुमेरा किंग बोरदा के नाम

विजेता और उप विजेता को प्रदान की ट्राफी

अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। अंबेडकर क्रिकेट क्लब प्रबंधन ने सभी टीम मालिकों का भी विशेष सम्मान किया। अतिथियों का स्वागत प्रदीप यादव, दिनेश चौहान, अंकित यादव, गोलू यादव, सुदेश चौहान, कुलदीप, गोलू ब्रावो, आकाश, सानू, सुनील, कासिव, देवेंद्र यादव, दीपक यादव, अर्जुन, कांतिलाल यादव, विकास, योगेश, रोहित यादव, दिनेश चाचा, राहुल बेरलिया, नितिन, पीयूष, निंबे, गोलू हंस, छोटू कंडारे आदि ने किया। संचालन दिनेश चौहान ने किया। आभार गोलू ब्रावो ने माना।

नवभारत न्यूज

जावरा। अंबेडकर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित जावरा प्रीमियर लीग (जेपीएल) के 5वें सीजन का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबला हुमेरा किंग बोरदा (ओनर - अयूब खान) और एसआर टाइटन जावरा (ओनर - शुभम राठौर) के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआर टाइटन जावरा ने निर्धारित 8 ओवरों में 58 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हुमेरा किंग बोरदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम ओवर की रोमांचक घड़ियों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया।

मैच के दौरान शहर की कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। अतिथियों का समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथि संतोष मेडतवाल (एडवोकेट) ने कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है और जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। डॉ. अभिजीत शाकल्य (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। वरिष्ठ पत्रकार जगदीश राठौड़ ने आयोजन की सराहना करते हुए क्लब को बधाई दी। साथ ही मन्नान कड़पा, जीतू मालवीय (अध्यक्ष, मालवीय समाज), आनंद गर्ग, अंतिम कांठेड, मोहम्मद शोएब, अंकुर मेडतवाल, लक्की सोनी, रमेशचंद्र चौहान, राजेश दावरे और तेजसिंह कदम ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।